# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## भूमि प्रबंधन समन्वय निविदा सूचना

उप निदेशक (भूमि प्रबंधन) समन्वय, कमरा सं. 309, ए–ब्लॉक, तृतीय तल, विकास सदन, नई दिल्ली–110023, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों, जिन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों में सफलतापूर्वक ऐसे कार्य किए हैं, से निर्माण गिराने वाले निम्नलिखित उपकरण मदों (डिमोलीशन मदों) की किराया आधार पर आपूर्ति एवं समय–समय पर आवश्यकता के आधार पर जारी निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रकार के निर्माण गिराने के कार्यो के लिए ई–निविदा के माध्यम से दो बोली प्रणाली जिनमें तकनीकी एवं वित्तीय बोलियां अलग–अलग हों, में ऑन लाइन मद दर निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ये तकनीकी बोलियां दिनांक 08.02.2013 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी एवं दिनांक 15.02.2013 को अपराह्न 3.30 बजे इच्छुक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

**निर्माण गिराने वाले उपकरण मदों की सूची:-**

1. ट्रक (मिनी), जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 2. ट्रक (पूरे आकार का), जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 3. ट्रक (हाफ बॉडी), जिसकी क्षमता दर्शायी गई हो। 4. चार पहियों वाले टैम्पो, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 5. ऑपरेटर के साथ गैस कटर, जिनके आकार दर्शाए गए हो। 6. क्रेन (ब्रेक डाउन), जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 7. भारी एवं बड़ी क्रेन, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 8. ऑपरेटर के साथ न्यूमेटिक हैमर, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 9. ऑपरेटर के साथ जेसीबी, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 10. हथौड़े के साथ श्रमिक। 11. निजी कार/यात्री वैन, जिसमें यात्रियों के बैठने की क्षमता दर्शायी गयी हो। 12. निर्माण गिराने वाले दल/श्रमिकों के लिए पीने के पानी की टंकी, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 13. कैंटर (ट्रक), जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 14. ट्रैक्टर, जिसकी क्षमता दर्शायी गयी हो। 15. पोक्लेन लॉन्ग बूम मशीन, जिसकी क्षमता एवं रेंज दर्शायी गयी हो।

**ई-निविदा जमा करने की अनुसूची:**

क. ई–प्रापण (प्रोक्योरमेंट) के माध्यम से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.01.2013 को अपराह्न 3.00 बजे तक है।

ख. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज़ों की लागत एवं बैंक प्रतिभूति के लिए आरटीजीस/एनईएफटी के यूनिक ट्रांजेक्शन रेफरेंस एक मोहर बंद लिफाफे में उप निदेशक (भूमि प्रबंधन) समन्वय के कार्यालय, कमरा सं. 309, ए-ब्लाक, विकास सदन, नई दिल्ली–23 में अंतिम तिथि एवं समय 08.02.2013 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कराया जाना चाहिए।

ग. निविदा (तकनीकी बोली) खोलने की तिथि एवं समय 15.02.2013 को अपराह्न 3.30 बजे तक है।

घ. निविदा के प्रभारी अधिकारी : उप निदेशक (भूमि प्रबंधन) समन्वय, कमरा सं. 309, ए–ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली–23, मोबाइल न. 9868141558

ङ. निविदादाताओं/एजेंसियों, जिन्होंने तकनीकी बोली की योग्यता प्राप्त की है, की निविदा (वित्तीय बोली) को खोलने की तिथि एवं समय अधिसूचित किया जाएगा एवं सफल निविदादाताओं को तिथि सूचित की जाएगी।

च. अनुमानित लागत : लगभग रुपए 2.00 करोड़ (रुपए दो करोड़ मात्र)

छ. धरोहर राशि : रुपए 4.00 लाख (रुपए चार लाख मात्र)

ज. निविदा की लागत : रुपए 2500.00+5% वैट

झ. प्रक्रिया शुल्क : रुपए 10000.00+12.36% सेवा कर

ञ. धरोहर राशि एवं निविदा लागत, लेखा अधिकारी (नगद) के लेखा में जिसका खाता सं. 10938402043, भारतीय स्टेट बैंक, विकास सदन, नई दिल्ली–23(आईएफएस कोड एसबीआईएन 008005)है, में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा करानी होगी। निविदादाता द्वारा ई–निविदा प्रणाली में आरटीजीएस/एनईएफटी का यूनिक ट्रांजेक्शन रेफरेंस को अपलोड किया जाना चाहिए।

ट. निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण वेबसाइट–**www.tenderwizard.com/DDA** या **www.dda.org.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। इच्छुक एजेंसियों/निविदादाताओं को ''मै. आईटीआई लिमिटेड, बी–1/5ए, द्वितीय तल, मेन नज़फगढ़ रोड, निकट जनकपुरी पूर्व मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली–110058 से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए ई–निविदा वेबसाइट–**www.tenderwizard.com/DDA** पर अपना पंजीकरण कराना होगा। ई–निविदा के संदर्भ में पूछताछ हेतु दूरभाष सं. 49424365 पर संपर्क करें।''

**कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट 'www.dda.org.in' देखें**